आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**01 अप्रैल** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- वाराणसी में आयोजित एमपी–यूपी सहयोग सम्मेलन में शामिल हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव। दोनों राज्यों के बीच निवेश, कौशल विकास, हस्तशिल्प और बाजार विस्तार से जुड़े कई समझौतों पर हुए हस्ताक्षर।
- देश में आज से शुरू हो रहा है जनगणना का पहला चरण, प्रदेश में सात मई से उपलब्ध होगी स्व–गणना की सुविधा।
- प्रदेश भर में एक माह के लिए आज से होगी विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत। दस से तीस अप्रैल तक चलाया जाएगा दस्तक अभियान।
- बूंदाबांदी और बारिश से प्रदेश के कई जिलों में बदला मौसम का मिजाज। मौसम विभाग ने लगभग पचास जिलों के लिए जारी की हल्की से मध्यम वर्षा की चेतावनी।

**********

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कल वाराणसी में आयोजित एमपी–यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 में शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश के बीच निवेश, कौशल विकास, हस्तशिल्प और बाजार विस्तार से जुड़े कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। साथ ही काशी विश्वनाथ धाम और महाकाल धाम के बीच व्यवस्थाओं के आदान प्रदान के लिये एमओयू भी हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि यह साझेदारी न केवल आर्थिक विकास को गति देगी, बल्कि स्थानीय उत्पादों और पारम्परिक वस्तुओं को भी बढ़ावा देगी। सम्मेलन में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी और राकेश सचान भी उपस्थित रहे।

***बाबा महाकाल के दर्शन में सामान्य दर्शन के साथ–साथ विशेष अवसर पर आने वाली बड़ी भीड़ के प्रबंधन में बनारस के अनुभव साझा करते हुए अधिकारियों को भविष्य में और अच्छे से टेंपल व्यवस्था को जोड़ कर के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कैसे कर सकते हैं, उस पर विचार करने के लिए एमओयू किया गया और एक एमओयू हमारा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट ओडीओपी को बहन को मजबूत करने का स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर दिलाने का और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से आर्थिक विकास को मजबूत करने के दृष्टि से किया गया है। दोनों राज्यों के ओडीओपी उत्पादों का आदान प्रदान किया गया। स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में उनकी पहचान दिलाने का भविष्य में मार्केट उपलब्ध कराने का एक बड़ा निर्णय हुआ।***

इस अवसर पर दोनों राज्यों में संबद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारम्परिक कौशल को दर्शाती हुई जीआई एवं ओडीओपी उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

**********

देश में जनगणना–2027 का पहला चरण आज से शुरू हो रहा है। ये विश्व की सबसे बड़ी जनगणना होगी। पहली बार डिजिटल रूप से आयोजित इस जनगणना में स्व–गणना का विकल्प भी उपलब्ध होगा। स्व–गणना एक सुरक्षित वेब–आधारित सुविधा है जिसके माध्यम से घर–घर सर्वेक्षण से पहले 16 भाषाओं में अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कराई जा सकती हैं।

देश के महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने आकाशवाणी से विशेष बातचीत में डिजिटल जनगणना के फायदों के बारे में जानकारी दी।

***डिजिटल में सबसे पहला फायदा तो यह है कि आंकड़े ज्यादा शुद्ध तरीके से संग्रहित होंगे, जो फिजिकल आंकड़े इकट्ठा करते हैं, उनको डिजिटलाइज करने में त्रुटियों की संभावना रहती है। जनगणना के आंकड़े हैं, उनका प्रकाशन शीघ्रता से संपन्न हो सकेगा।***

उत्तर प्रदेश में जनगणना का पहला चरण 22 मई से शुरू होगा और इससे 15 दिन पहले 7 मई से स्व–गणना की सुविधा उपलब्ध होगी।

**********

नए वित्तीय वर्ष में आज से प्रमुख वित्तीय नियमों में बदलाव सहित देश में कई सुधार लागू हो रहे हैं। एक रिपोर्ट–

***छह दशक से भी अधिक पुराना आयकर अधिनियम 1961 नए आयकर अधिनियम, 2025 द्वारा प्रतिस्थापित हो जाएगा। इसे पुराने प्रावधानों को हटाकर, जटिल नियमों को सुव्यवस्थित करके और करदाताओं के लिए अनुपालन को अधिक सरल बनाकर कर प्रणाली को आसन बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार देश में सभी डिजिटल भुगतान लेनदेन के लिए टू–फैक्टर ऑथेंटिकेशन–दो–कारक प्रमाणिकरण के मानदंडों को पूरा करना अनिवार्य होगा। वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए फास्ट टैग वार्षिक पास का संशोधित शुल्क भी लागू हो जाएगा। अनुपम मिश्रा, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

प्रदेश में दलहन और तिलहन की खरीद कल से 30 जून तक की जायेगी। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कल लखनऊ में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि मूल्य समर्थन योजना के तहत किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिये सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर खरीद की प्रभावी व्यवस्था की गई है।

***भारत सरकार ने हमें मसूर की 6,77,000 मेट्रिक टन खरीद की अनुमति दी है और सरसों की खरीद 5,30,000 मेट्रिक टन की जाएगी। चना का एमएसपी 5,875 प्रति क्विंटल होगा। मसूर की एमएसपी 7,000 प्रति क्विंटल और सरसों का 6,200 क्विंटल होगी।***

**********

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और मौसमी बीमारियों पर रोकथाम के लिये आज से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरूआत होने जा रही है। लखनऊ के बलरामपुर चिकित्सालय से इस अभियान का शुभारम्भ उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक करेंगे। यह अभियान एक से तीस अप्रैल तक पूरे एक महीने चलेगा। अभियान के दौरान अन्य विभाग भी जागरूकता कार्यक्रमों में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करेंगे। इसी कड़ी में दस से तीस अप्रैल के बीच दस्तक अभियान चलाया जायेगा, जिसमें स्वास्थ्यकर्मी घर–घर जाकर बीमारियों के लक्षणों वाले मरीजों की पहचान करेंगे और उन्हें उचित इलाज उपलब्ध करायेंगे।

**********

देश भर में प्राकृतिक गैस –पीएनजी के विस्तार में तेजी बनाए रखने के लिए केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय पीएनजी अभियान के दूसरे चरण को इस वर्ष 30 जून तक बढ़ा दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि मार्च माह के दौरान घरेलू, वाणिज्यिक, छात्रावास, मेस और कैंटीन सहित 31 लाख से अधिक कनेक्शनों को गैसयुक्त किया गया है।

**********

भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव 2026 कल से शुरू हो गया। कॉन्क्लेव का उद्घाटन प्रदेश के राज्य मंत्री और जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने किया। इसमें बौद्ध भिक्षुओं के साथ साथ विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधि भी भाग ले रहे है। उद्घाटन अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य केवल आध्यात्मिक विमर्श तक सीमित नहीं है बल्कि इसके माध्यम से क्षेत्र में पर्यटन और उद्योग को भी नई दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुशीनगर केवल आस्था का केंद्र ही नहीं है, बल्कि आर्थिक और औद्योगिक दृष्टि से भी मजबूत बन रहा है।

**********

आईपीएल क्रिकेट–2026 के तहत लखनऊ के इकाना स्टेडियम में आज दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला होगा। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***लखनऊ की कमान जहां ऋषभ पंत के हाथों में है वहीं दिल्ली के लिए कप्तानी की जिम्मेदारी अक्षर पटेल निभा रहे हैं। मैच को देखते हुए इकाना स्टेडियम के आसपास लखनऊ ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन लागू किया है। शाम को मैच 7.30 बजे शुरू होगा। इसके 3 घंटे पहले स्टेडियम के आसपास यातायात को प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। वहीं लखनऊ मेट्रो की सेवाएं रात में 12.30 बजे तक संचालित रहेंगी जिससे क्रिकेट मैच देखकर लौटने वाले दर्शकों को कोई परेशानी ना हो। स्टेडियम से मुंशी पुलिया मेट्रो स्टेशन और ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन तक विशेष फीडर बसों का प्रबंध भी किया गया है। स्टेडियम में महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के प्रवेश के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। मुमताज अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।***

**********

प्रदेश के लगभग सभी पश्चिमी जिलों में कल देर शाम से मौसम का मिजाज बदल गया है। कई जिलों में तेज हवा के बीच गरज–चमक के साथ बूंदाबांदी से लेकर हल्की बारिश होने की खबर है। सहारनपुर में कल देर रात बूंदाबांदी हुयी और हमीरपुर में धूलभरी आंधी के साथ वर्षा रिकॉर्ड की गयी। लखनऊ, जौनपुर और कौशाम्बी में कल देर रात से बारिश हो रही है। प्रदेश के पूर्वी जिलों में भी कुछ स्थानों पर आज तड़के बूंदाबांदी दर्ज की गयी। मौसम के इस बदलाव से गेहूं की फसल प्रभावित हुयी है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के लगभग पचास जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की से लेकर मध्यम वर्षा की चेतावनी जारी की है। चेतावनी वाले जिलों में लखनऊ, कानपुर, मेरठ, औरैया, सहारनपुर, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, इटावा और रायबरेली शामिल हैं।

**********